**DO NOT OPEN THIS TEST BOOKLET UNTIL YOU ARE ASKED TO DO SO**

**Subject Code No. : 32** **Sl. No. : 344**

# TEST BOOKLET

## LECTURERS IN NON-GOVERNMENT AIDED COLLEGES

# HINDI

*Time Allowed : 2 Hours* *Maximum Marks : 100*

SEAL

**: INSTRUCTIONS TO CANDIDATES :**

1. IMMEDIATELY AFTER THE COMMENCEMENT OF THE EXAMINATION, YOU SHOULD CHECK THAT THIS TEST BOOKLET **DOES NOT** HAVE ANY UNPRINTED OR TORN OR MISSING PAGES OR ITEMS ETC. IF SO, GET IT REPLACED BY A COMPLETE TEST BOOKLET OF THE SAME SERIES ISSUED TO YOU.
2. You have to enter your **Roll No.** on the Test Booklet in the Box provided alongside. **DO NOT** write *anything else* on the Test Booklet.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

3. This Test Booklet contains **100** items (questions). Each item (question) comprises four responses (answers). You have to select the correct response (answer) which you want to mark (darken) on the Answer Sheet. In case, you feel that there is more than one correct response (answer), you should mark (darken) the response (answer) which you consider the best. In any case, choose **ONLY ONE** response (answer) for each item (question). If more than one response is darkened it will be considered as wrong answer.
4. You have to mark (darken) all your responses (answers) **ONLY** on the **separate Answer Sheet** provided, by **using BALL POINT PEN (BLACK)**. See instructions in the Answer Sheet.
5. All items (questions) carry equal marks. All items (questions) are compulsory. Each wrong response will result in negative marking of **0.25** mark.
6. Before you proceed to mark (darken) in the Answer Sheet the responses to various items (questions) in the Test Booklet, you have to fill in some particulars in the Answer Sheet as per the instructions in your **Admission Certificate**.
7. After you have completed filling in all your responses (answers) on the Answer Sheet and after conclusion of the examination, you should hand over to the Invigilator the *Answer Sheet* issued to you. You are allowed to take with you the candidate's copy/second page of the Answer Sheet along with the *Test Booklet* after completion of the examination for your reference.

**Candidate's full signature** **Invigilator's signature**



2016

( Turn over )

1. ''उस समय जैसे गाथा कहने से प्राकृत का बोध होता था वैसे ही ''दोहा'' या ''दूहा'' कहने से अपभ्रंश या प्रचलित काव्य भाषा का पद्य समझा जाता था ।'' यह कथन किस इतिहासकार का है ?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) डॉ० रामकुमार वर्मा

(D) मिश्र बन्धु

2. अमीर खुसरो का वास्तविक नाम था :

(A) अब्दुल हसन

(B) वहरी

(C) शेख असरफ

(D) मुल्ला बज़ही

3. पृथ्वीराज रासो के बारे में सही कथन नहीं है :

(A) यह सर्गों में विभाजित रचना है ।

(B) इसके लेखक चन्दबरदाई हैं ।

(C) इसकी प्रामाणिकता संदिग्ध है ।

(D) यह बारहवीं शताब्दी की रचना है ।

4. हिन्दी साहित्य के आरम्भिक काल को आदिकाल की संज्ञा किसने दी ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) श्याम सुन्दर दास

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) मिश्र बन्धु

5. जयचंदप्रकाश के रचनाकार हैं :

(A) नल्ल सिंह

(B) जगनिक

(C) भट्ट केदार

(D) मधुकर

6. ''देसिल बअना सब जन मिट्ठा ।
तें तैंसन जंपओ हवहट्टा ।'' — यह कथन है :

(A) अमीर खुसरो

(B) अद्दहमाण

(C) जगनिक

(D) विद्यापति

7. रामानुज ने किस मत की स्थापना की ?

(A) अद्वैतवाद

(B) विशिष्टाद्वैतवाद

(C) द्वैताद्वैत

(D) द्वैतवाद

8. 'बीजक' का सम्पादन किसने किया ?

(A) दादूदयाल

(B) रज्जब

(C) सुन्दरदास

(D) धरमदास

9. ''सन् नौ सै सत्ताइस अहा ।
कथा अरंभ बैन कवि कहा ।''
— यह किस ग्रन्थ का रचना काल है ?

(A) मृगावती

(B) पदावली

(C) ज्ञानदीप

(D) पद्मावत

10. अष्टछाप में कौन शामिल नहीं हैं ?

(A) नरोत्तमदास

(B) छीतस्वामी

(C) कृष्णदास

(D) सूरदास

11. राधाबल्लभी सम्प्रदाय के संस्थापक हैं :

(A) चैतन्य महाप्रभु

(B) हितहरिवंश

(C) हरिदास

(D) नरोत्तमदास

12. "सूरसागर किसी चली आती हुई गीत काव्य परम्परा का पूर्ण विकास सा प्रतीत होता है ।" यह कथन है :

(A) ग्रियर्सन
(B) हरिऔध
(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी
(D) रामचन्द्र शुक्ल

13. 'संतन को कहाँ सीकरी सों काम ?' कथन है :

(A) कबीरदास
(B) तुलसीदास
(C) कृष्णदास
(D) कुंभनदास

14. 'अँसुवन जल सींचि-सींचि, प्रेम बेल बोई ।' यह पंक्ति है :

(A) मीराबाई
(B) रसखान
(C) घनानन्द
(D) बोधा

15. 'बरवै रामायण' के लेखक हैं :

(A) तुलसीदास
(B) पद्माकर
(C) रहीम
(D) बोधा

16. भक्तमाल की प्रसिद्ध टीका किसने लिखी है ?

(A) गोपीनाथ
(B) रत्नाकर
(C) प्रियादास
(D) कृष्णदास

17. भूषण को 'कविभूषण' की उपाधि किसने दिया था ?

(A) शिवाजी
(B) छत्रसाल
(C) रूद्र
(D) औरंगजेब

18. 'नैन नचाय कहीं मुसुकाय लला फिरि आइयो खेलन होरी।' किसकी पंक्ति है :

(A) बिहारी
(B) पद्माकर
(C) घनानन्द
(D) आलम

19. 'इश्कनामा' किसकी रचना है ?

(A) बोधा
(B) ठाकुर
(C) पद्माकर
(D) मतिराम

20. 'अनुराग बांसुरी' किस कवि की रचना है ?

(A) गणपति
(B) उसमान
(C) नारायण दास
(D) नूर मुहम्मद

21. "यह कैसी चाहत जिससे लहू बरसने लगा और अच्छी बातों को जी तरसने लगा ।" यह पंक्ति है :

(A) लल्लूलाल
(B) मुंशी सदासुखलाल
(C) इंशा अल्ला खां
(D) सदल मिश्र

22. खड़ी बोली के प्रारम्भिक लेखकों में किसकी भाषा में पूरबीपन का असर है ?

(A) सदल मिश्र
(B) सदासुखलाल
(C) लल्लूलाल
(D) इंशा अल्ला खां

23. "भारतेन्दु ने काव्य को दरबारीपन से निकालकर लोकजीवन के आमने-सामने खड़ा कर दिया।" यह कथन है :

(A) रामविलास शर्मा

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) डॉ० नगेन्द्र

(D) रामचन्द्र शुक्ल

24. "चन्द्रकांता पढ़ने के लिए ही न जाने कितने उर्दूजीवी लोगों ने हिन्दी सीखी।" यह कथन है :

(A) मिश्र बन्धु

(B) गणपतिचन्द्र गुप्त

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

25. 'बूढ़े मुँह मुँहासे' की विधा है :

(A) प्रहसन

(B) व्यंग्य

(C) रिपोर्ताज

(D) कहानी

26. भारतेन्दु युग के किस रचनाकार ने लावनियाँ लिखी है ?

(A) प्रतापनारायण मिश्र

(B) बालकृष्ण भट्ट

(C) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(D) बदरी नारायण चौधरी

27. 'हिन्दी नयी चाल में ढली' इस कथन का समय है :

(A) 1873

(B) 1875

(C) 1867

(D) 1885

28. 'मारेसि मोहिं कुठाँव' किसके निबन्धों का संग्रह है ?

(A) अध्यापक पूर्ण सिंह

(B) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(C) बालमुकुन्द गुप्त

(D) श्यामसुन्दर दास

29. "छायावाद राष्ट्रीय जागरण की काव्य धारा है।" यह कथन है :

(A) डॉ० नगेन्द्र

(B) रामविलास शर्मा

(C) नन्ददुलारे वाजपेयी

(D) नामवर सिंह

30. पंत की किस कृति पर उन्हें ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला ?

(A) चिदम्बरा

(B) लोकायतन

(C) कला और बूढ़ा चाँद

(D) स्वर्ण किरण

31. निराला का सर्वप्रथम प्रकाशित काव्य संग्रह है :

(A) गीतिका

(B) बेला

(C) परिमल

(D) अनामिका

32. "गुप्तजी की प्रतिभा क्री सबसे बड़ी विशेषता है कालानुसरण की क्षमता।" यह कथन किसका है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) रामचन्द्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) निराला

33. "रात के उर में दिवस की चाह का शर हूँ।" यह पंक्ति किसकी है ?

(A) नरेन्द्र शर्मा

(B) महादेवी वर्मा

(C) माखनलाल चतुर्वेदी

(D) सुभद्रा कुमारी चौहान

34. तारसप्तक के कवि नहीं हैं :

(A) मुक्तिबोध

(B) रामविलास शर्मा

(C) प्रभाकर माचवे

(D) शमशेर बहादुर सिंह

35. तार सप्तक के कवियों को "राहों का अन्वेषी" कहा है :

(A) अज्ञेय ने

(B) नगेन्द्र ने

(C) रामस्वरूप चतुर्वेदी ने

(D) गिरिजा कुमार माथुर ने

36. 'विचार और वितर्क' किसका निबन्ध संग्रह है ?

(A) गुलाब राय

(B) कुबेरनाथ राय

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) विद्यानिवास मिश्र

37. "नयी कविता" का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1952

(B) 1950

(C) 1943

(D) 1954

38. "तारसप्तक" का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1952

(B) 1950

(C) 1943

(D) 1954

39. 'संसद से सड़क तक' किसका काव्य-संग्रह है ?

(A) धूमिल

(B) लीलाधर मंडलोई

(C) बद्रीनारायण

(D) राजेश जोशी

40. 'सतह से उठता आदमी' किसका कहानी संग्रह है ?

(A) यशपाल

(B) भीष्म साहनी

(C) मुक्तिबोध

(D) राजेन्द्र यादव

41. कबीर को 'वाणी का डिक्टेटर' किसने कहा है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) श्याम सुन्दर दास

(D) परशुराम चतुर्वेदी

42. 'अकथ कहानी प्रेम की' पुस्तक किस आलोचक की है ?

(A) लिंडा हेस

(B) कंवल भारती

(C) धर्मवीर

(D) पुरुषोत्तम अग्रवाल

43. 'भक्ति आन्दोलन और सूरदास का काव्य' पुस्तक किसकी है ?

(A) नन्द दुलारे वाजपेयी

(B) मैनेजर पांडेय

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रमेश कुंतल मेघ

44. 'अपरस रहत सनेह तगा तें' व्यंग्य किस पर है ?

(A) कृष्ण

(B) उद्धव

(C) अक्रूर

(D) गोपियाँ

45. रमेश कुंतल मेघ ने तुलसीदास पर कौन-सी पुस्तक लिखी हैं ?

(A) गोस्वामी तुलसीदास

(B) लोकवादी तुलसीदास

(C) तुलसीदास : मूल्य और संस्कृति

(D) तुलसी आधुनिक वातायन से

46. 'तुलसी की भावुकता' निबन्ध किसका है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) उदय नारायण सिंह

(D) विष्णुकान्त शास्त्री

47. 'बिहारी ने ग्रामीण-संस्कृति के विरुद्ध घृणा की अभिव्यक्ति की है', कथन है :

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) नगेन्द्र

(D) बच्चन सिंह

48. 'यदि प्रबन्धकाव्य एक विस्तृत वनस्थली है तो मुक्तक काव्य चुना हुआ एक गुलदस्ता है' – यह उक्ति रामचन्द्र शुक्ल ने किस कवि के प्रसंग में लिखी है :

(A) केशवदास

(B) तुलसीदास

(C) बिहारी

(D) घनानन्द

49. 'बिहारी की कविता प्रेम की उच्चभूमि पर नहीं पहुँचती' – किसने कहा है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) रामविलास शर्मा

(C) बच्चन सिंह

(D) रामस्वरूप चतुर्वेदी

50. 'लोकसंग्रह का भाव तुलसी की भक्ति का एक अंग है' – किसने कहा है ?

(A) रामविलास शर्मा

(B) रमेश कुन्तल मेघ

(C) उदय नारायण तिवारी

(D) रामचन्द्र शुक्ल

51. सूरदास किस दार्शनिक सिद्धान्त से प्रभावित थे ?

(A) अद्वैतवाद

(B) शुद्धाद्वैत

(C) द्वैताद्वैत

(D) द्वैत

52. कबीर का पहला संग्रह कहाँ हुआ ?

(A) आदि ग्रंथ

(B) बीजक

(C) ग्रंथावली

(D) वचनामृत

53. " 'अँधेरे में' का काव्य नामक एक आत्मनिर्वासित व्यक्ति है" कथन किसका है ?

(A) अशोक चक्रधर

(B) रामविलास शर्मा

(C) नामवर सिंह

(D) नन्द किशोर नवल

54. 'दुख ही जीवन की कथा रही' पंक्ति किस कविता में है ?

(A) असाध्यवीणा

(B) अँधेरे में

(C) राम की शक्ति पूजा

(D) सरोज स्मृति

55. 'निराला की साहित्य साधना' पुस्तक के लेखक हैं :

(A) बच्चन सिंह

(B) धनंजय वर्मा

(C) रामविलास शर्मा

(D) नामवर सिंह

56. 'असाध्यवीणा' कविता आधारित है :

(A) हिन्दू कथा

(B) झेन कथा

(C) कल्प कथा

(D) बौद्ध कथा

57. 'अज्ञेय व्यक्तिवादी नहीं व्यक्तित्ववादी कवि हैं' – कथन किसका है ?

(A) नन्दकिशोर आचार्य

(B) रामस्वरूप चतुर्वेदी

(C) मुक्तिबोध

(D) नामवर सिंह

58. 'असाध्यवीणा' कविता में साधक का क्या नाम है ?

(A) प्रियवद

(B) चारुदत्त

(C) ऋतंभर

(D) भद्रशील

59. 'अँधेरे में' कविता में 'शिशु' अंत में किस 'प्रतीक' में बदलता है ?

(A) किरणीली लहरें

(B) सूरजमुखी फूलों के गुच्छे

(C) बरगद का पेड़

(D) बंदूक रायफल

60. 'अँधेरे में' कविता में काव्यवाचक 'पिता' कहकर किसे संबोधित करता है ?

(A) लिओ तालस्ताय

(B) महात्मा गाँधी

(C) बाल गंगाधर तिलक

(D) इनमें से कोई नहीं

61. "विभिन्न अर्थों में सांकेतिक शब्द समूह की भाषा है" — उपर्युक्त परिभाषा निम्नलिखित में से किस भाषा वैज्ञानिक की है ?

(A) पं० कामता प्रसाद गुरु

(B) बाबूराम सक्सेना

(C) भोलानाथ तिवारी

(D) आचार्य किशोरीदास वाजपेयी

62. प्रयोग के आधार पर भाषा के विविध रूपों का सही विकास क्रम है :

(A) बोली, भाषा, उपबोली, उपभाषा

(B) उपबोली, व्यक्तिबोली, बोली, भाषा

(C) व्यक्तिबोली, उपबोली, बोली, भाषा

(D) उपभाषा, उपबोली, भाषा, बोली

63. 'जिन ध्वनियों को अलग-अलग खंडित किया जा सके और उनकी स्वतन्त्र सत्ता हो' ऐसी ध्वनियों को कहा जाता है :

(A) खंड्येतर स्वनिम

(B) खंड्य स्वनिम

(C) मुक्त वितरण

(D) उपस्वन

64. अर्धविवृत्त मध्य और पश्च स्वर हैं :

(A) ओ, औ

(B) आ, ओ

(C) अ, ओ

(D) ए, ओ

65. प्रयत्न के आधार पर उच्चरित किए जाने वाले 'उत्क्षिप्त' व्यंजन हैं :

(A) र, ड़

(B) ड, ढ

(C) ट, ड

(D) ड़, ढ़

66. हिन्दी में 'स्पर्श संघर्षी' **अथवा** 'अर्ध संघर्षी' ध्वनियाँ हैं :

(A) च्, छ्, ज्

(B) श्, ष्, स्

(C) ड्, द्, त्

(D) क्, त्, प्

67. संविधान की किस धारा में अल्पसंख्यक बच्चों की प्राथमिक शिक्षा उनकी मातृभाषा में सुनिश्चित किए जाने की बात कही गयी है ?

(A) धारा 349

(B) धारा 350

(C) धारा 351

(D) धारा 348

68. संसद की राजभाषा समिति के सुझाव 1959 में निम्नलिखित में कौन-सा सुझाव शामिल नहीं है ?

(A) जब तक कर्मचारी और अधिकारी हिन्दी का ज्ञान प्राप्त न कर लें वे अँग्रेजी में कार्य करते रहें

(B) पैंतालीस वर्ष से ऊपर की उम्र वाले सरकारी कर्मचारियों को हिन्दी के प्रशिक्षण से छूट दे देनी चाहिए

(C) चौदह वर्ष की उम्र तक भारत के प्रत्येक विद्यार्थी को हिन्दी का ज्ञान करा देना चाहिए

(D) 1965 के बाद हिन्दी प्रधान भाषा हो और अँग्रेजी को सद्‌भाषा का स्थान दिया जाय

69. राजभाषा के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा तथ्य सही नहीं है ?

(A) 1959 राजभाषा संसदीय समिति की रिपोर्ट पर संसद में बहस

(B) 1963 राजभाषा अधिनियम लागू हिन्दी सरकारी संगठनों में लागू

(C) 1975 राजभाषा विभाग अस्तित्व में आया

(D) 1982 राजभाषा विभाग में तकनीकी प्रकोष्ठ का गठन

70. सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी के विकास में कौन-सा कारण उत्तरदायी नहीं है ?

(A) भारत में सबसे अधिक लोगों द्वारा बोली जाने वाली भाषा हिन्दी है

(B) स्वतन्त्रता संग्राम के दौरान सम्पूर्ण भारत में सम्प्रेषण का सबसे प्रमुख माध्यम हिन्दी बनी

(C) साहित्य सृजन की सर्वाधिक प्रयोग की जाने वाली भाषा हिन्दी है

(D) व्यापार और वाणिज्य में हिन्दी का व्यवहार सर्वाधिक होता है

71. आचार्य भरत के रस-सूत्र के व्याख्याताओं में 'साधारणीकरण' पर प्रकाश डालने वाले प्रथम आचार्य हैं :

(A) भट्टनायक

(B) भट्टलोल्लट

(C) भट्ट शंकुक

(D) अभिनव गुप्त

72. आचार्य कुन्तक के इनमें से किस काव्य प्रयोजन को स्वीकार नहीं करते हैं ?

(A) शास्त्र-ज्ञान को सरस, सुग्राह्य शैली में प्रस्तुत करना

(B) सद्‌व्यवहार एवं औचित्य का बोध कराना

(C) चमत्कारमयी अद्‌भुत आनन्दानुभूति कराना

(D) शास्त्रीय ज्ञान की आनन्दमयी अनुभूति कराना

73. आचार्य विश्वनाथ निम्नलिखित में से किस तत्व की व्याप्ति रस में नहीं मानते ?

(A) आनन्दमय

(B) आध्यात्मिक आनन्दमयी

(C) विद्यान्तरस्पर्श शून्य

(D) ब्रह्मास्वाद सहोदर

74. "तद्‌दोषौ शब्दार्थौ सगुणावलनंकृति पुन: क्वापि" किस संस्कृत आचार्य का कथन है ?

(A) आचार्य वामन

(B) आचार्य आनन्दवर्धन

(C) आचार्य मम्मट

(D) आचार्य जगन्नाथ

75. अरस्तू की रचना नहीं है :

(A) The Poetics

(B) The Phibeus

(C) The Politics

(D) The Rhetorics

76. इनमें से कौन काव्य विषयक प्लेटो की मान्यता नहीं है ?

(A) काव्य, रचना, सम्प्रेषण और भावना तीनों के पीछे दैवी प्रेरणा कार्य करती है

(B) कवि दैवी शक्ति का माध्यम मात्र होता है

(C) काव्य ईश्वर का कृतित्व है

(D) काव्य रचना के लिए सचेष्ट प्रयास आवश्यक है

77. निम्नलिखित ग्रन्थों का कालक्रमानुसार सही अनुक्रम कौन-सा है ?

(A) साहित्यदर्पण – काव्यादर्श – ध्वन्यालोक – काव्यप्रकाश

(B) काव्य प्रकाश – साहित्यदर्पण – काव्यादर्श – ध्वन्यालोक

(C) ध्वन्यालोक – काव्यप्रकाश – साहित्यदर्पण – काव्यादर्श

(D) काव्यादर्श – ध्वन्यालोक – काव्याप्रकाश – साहित्यदर्पण

78. 'भावकत्वं साधारणीकरणं' किसकी परिभाषा है ?

(A) अभिनवगुप्त

(B) भट्‌टनायक

(C) आचार्य भट्‌टलोल्लट

(D) आचार्य विश्वनाथ

79. कवि की अनुभूति का साधारणीकरण कौन मानता है ?

(A) नगेन्द्र

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) राम कुमार वर्मा

80. साधारणीकरण के सम्बन्ध में आचार्य विश्वनाथ का मत है :

(A) साधारणीकरण स्थायी भाव का होतां है

(B) साधारणीकरण आलम्बनत्व धर्म का होता है

(C) आश्रय के साथ सामाजिक का तादात्म्य हो जाना

(D) साधारणीकरण कवि की अनुभूति का होता है

81. 'रत्नाकर जी से बातचीत' साक्षात्कार कृति के लेखक हैं :

(A) पद्मसिंह शर्मा

(B) बनारसी दास चतुर्वेदी

(C) प्रभाकर माचवे

(D) बेनी माधव शर्मा

82. 'सचेतन कहानी' के प्रवर्त्तक हैं :

(A) कमलेश्वर

(B) अमृतराय

(C) गंगा प्रसाद विमल

(D) महीप सिंह

83. इनमें से 'भीष्म साहनी' का कहानी संग्रह नहीं है :

(A) भाग्य रेखा

(B) मंजिल

(C) पहला पाठ

(D) भटकती राख

84. राजेन्द्र यादव के कहानी संग्रह 'जहाँ लक्ष्मी कैद है' का प्रकाशन वर्ष है :

(A) सन् 1957

(B) सन् 1959

(C) सन् 1962

(D) सन् 1963

85. चित्रलेखा उपन्यास का प्रकाशन वर्ष है :

(A) 1933 ई०

(B) 1934 ई०

(C) 1935 ई०

(D) 1936 ई०

86. "सत्य एक है वास्तविकता का ज्ञान 'चित्रलेखा' उपन्यास में यह कथन किस पात्र का है – मार्ग वही ठीक है जिससे शान्ति और सुख मिल सकें।"

(A) श्वेतांक

(B) बीजगुप्त

(C) कृष्णादित्य

(D) कुमारगिरी

87. "जिसे हम डेमोक्रेसी कहते हैं, वह व्यवहार में बड़े-बड़े व्यापारियों और जमींदारियों का राज्य है" – गोदान उपन्यास में यह कथन किसका है ?

(A) गोबर

(B) राय साहब

(C) मिर्जा खुर्शीद

(D) मेहता

88. "प्रेमचन्द 'पूँजीवादी यथार्थवाद' के रचनाकार हैं" – यह कथन किसका है ?

(A) शिवदान सिंह चौहान

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामविलास शर्मा

89. "गाँव क्या था, पुरवा या दस बारह घरों का, जिसमें आधे खपरैल के थे आधे फूस के।" यह संवाद किस रचना से है ?

(A) गोदान

(B) शेखर : एक जीवनी

(C) चित्रलेखा

(D) कर्मभूमि

90. प्रेमचन्द के उपन्यासों के रचनाकाल के आरोही क्रम में कौन-सा सही है ?

(A) गबन, निर्मला, कर्मभूमि, कायाकल्प

(B) निर्मला, गबन, कर्मभूमि, कायाकल्प

(C) कायाकल्प, निर्मला, गबन, कर्मभूमि

(D) निर्मला, कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि

91. "छन्दों का अभ्यास मेरीवृत्ति नहीं है।" आषाढ़ का एक दिन नाटक में यह कथन किस पात्र का है ?
(A) कालिदास
(B) मल्लिका
(C) अम्बिका
(D) विलोम

92. 'आषाढ़ का एक दिन', 'लहरों के राजहंस' और 'आधे अधूरे' नाटक के प्रकाशन का सही क्रम है :
(A) 1957, 1963, 1969
(B) 1958, 1963, 1969
(C) 1959, 1963, 1968
(D) 1963, 1958, 1969

93. 'अधिकार सुख कितना मादक और सारहीन होता है।' यह कथन प्रसाद के किस नाटक का है ?
(A) स्कन्दगुप्त
(B) चन्द्रगुप्त
(C) ध्रुवस्वामिनी
(D) राज्यश्री

94. इनमें से कौन-सा पात्र 'स्कन्दगुप्त' नाटक का नहीं है ?
(A) स्कन्दगुप्त
(B) भट्टार्क
(C) सिंहरण
(D) बन्धुवर्मा

95. इनमें से कौन-सा उपन्यास सुरेन्द्र वर्मा का नहीं है ?
(A) दो मुर्खों के लिए गुलदस्ता
(B) मुझे चाँद चाहिए
(C) अँधेरे से परे
(D) आंगन का कोठा

96. 'खण्डित यात्रायें' किस रचनाकार का यात्रावृतांत है ?
(A) धर्मवीर भारती
(B) कमलेश्वर
(C) मोहन राकेश
(D) श्रीकांत वर्मा

97. राहुल सांकृत्यायन कृत यात्रावृतान्त नहीं है :
(A) घुमक्कड़ शास्त्र
(B) एशियां के दुर्गम भूखण्ड
(C) मेरी यात्रायें
(D) मेरी तिब्बत यात्रा

98. 'ठिठुरता हुआ गणतंत्र' व्यंग्य रचना है :
(A) श्रीलाल शुक्ल
(B) शरद जोशी
(C) गोपाल चतुर्वेदी
(D) हरिशंकर परसाई

99. इनमें से 'शरद जोशी' की व्यंग्य रचना नहीं है :
(A) हम भ्रष्टन के भ्रष्ट हमारे
(B) रहा किनारे बैठ
(C) अतिथि कक्ष
(D) यत्र तत्र सर्वत्र

100. मनोहर श्याम जोशी की साक्षात्कार पुस्तक का नाम है :
(A) बातों-बातों में
(B) शौक सुराही
(C) मेरी मुलाकातें
(D) संवाद चलता रहे

■■■■■■■■■■■■■■■■

## SPACE FOR ROUGH WORK

SEAL